

# प्रसूता की मौत, आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम

**खास बातें**

- प्रसव के दौरान महिला की मौत, शासकीय अस्पताल लटेरी में भारी हंगामा
- परिजनों ने लगाया गंभीर लापरवाही का आरोप, नवजात सुरक्षित



नवभारत न्यूज

**लटेरी 30 दिसम्बर, शासकीय अस्पताल लटेरी में मंगलवार को प्रसव के दौरान 21 वर्षीय विवाहिता की मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतका की पहचान उमाबाई बंजारा (21 वर्ष) पत्नी राजकुमार बंजारा, निवासी नादियापुरा, थाना लटेरी के रूप में हुई है घटना के बाद शासकीय अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण हालात बन गए.**

स्थिति को देखते हुए लटेरी थाना सहित आसपास के अन्य थानों का पुलिस बल भी बुलाई गई परिजनों के अनुसार राजकुमार बंजारा मंगलवार सुबह करीब 6 बजे अपनी पत्नी उमाबाई को प्रसव के लिए शासकीय अस्पताल लटेरी लेकर पहुंचे थे. उनके साथ परिवार की अन्य महिलाएं भी मौजूद थीं. परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद लगभग एक घंटे तक डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने महिला की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया. बार-बार अनुरोध करने के बावजूद न तो समय पर इंजेक्शन लगाया गया और न ही प्रसव की प्रक्रिया शुरू की गई. परिजनों ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे महिला को अचानक तेज पेट दर्द हुआ उसकी हालत और बिगड़ गई। कुछ ही देर में एक बच्ची को जन्म दिया और महिला बेहोश हो गई और बाद में उसकी मौत हो गई. महिला की मौत की खबर फैलते ही आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया, जो करीब दोपहर 3 बजे तक चलता रहा. हालात बिगड़ते देख लटेरी सहित अन्य थानों से पुलिस बल बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया.

## समय पर नहीं मिलती एंबुलेंस, पहले भी जा चुकी हैं कई जानें...

स्थानीय लोगों का कहना है कि शासकीय अस्पताल लटेरी में एंबुलेंस सुविधा कभी भी समय पर उपलब्ध नहीं होती.गंभीर मरीजों को घंटों तक इंतजार करना पड़ता है. कई बार मरीजों को निजी साधनों से विदिशा या अन्य अस्पताल ले जाना पड़ता है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि एंबुलेंस में देरी के कारण पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है. अस्पताल में हंगामे के लटेरी थाने में पहुंचे बंजारा सामुदायिक के लोग भारी संख्या लगभग 1 घंटे सिरोंज टीआई ओर मुरवास थान आनंदपुर थाना लटेरी लगभग 5 थाने की पुलिस मौके पर मौजूद रही. जब मामला तूल पकड़ने लगा तो विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी मौके पर पहुंचे. उन्होंने बताया कि वे क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में घटनास्थल पर पहुंचे हैं.उन्होंने बंजारा समाज के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया. इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने बंजारा समाज के प्रमुख लोगों से फोन पर चर्चा की. विधायक से बातचीत के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया और परिजन अपने-अपने घर लौट गए.

## आरोप : दो घंटे देरी से मिली एंबुलेंस

परिजनों का कहना है कि प्रसव के दौरान महिला बेहोशी की हालत में चली गई थी, लेकिन डॉक्टरों द्वारा यह कहकर उन्हें टाल दिया गया कि वह होश में आ जाएगी और चिंता की कोई बात नहीं है.जब परिजनों ने महिला को बाहर किसी अन्य अस्पताल ले जाने की बात कही, तब भी डॉक्टरों की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया. परिजनों ने आरोप लगाया कि करीब तीन घंटे तक न तो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई और न ही किसी तरह की त्वरित चिकित्सा सहायता दी गई. बाद में लगभग दो घंटे की देरी से एंबुलेंस मिलने पर महिला को विदिशा रेफर किया गया. रेफर किए जाने के बाद भी परिजन लगभग तीन घंटे तक अस्पताल के सामने ही खड़े रहे, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जानकारी या सहयोग नहीं दिया गया. वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि हंगामे के दौरान परिजनों द्वारा डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के साथ मारपीट एवं अस्पताल में तोड़फोड़ की गई. दूसरी ओर परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों के साथ-साथ पुलिसकर्मियों ने भी उनके साथ मारपीट की और उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया.

# वही मुद्दे, समस्या भी वही, समाधान के नाम पर सिर्फ आदेश

**सड़क सुरक्षा समिति में कई सालों से इन्हीं पर हो रही बैठक**

**न पार्किंग, न सड़क से हटे मवेशी, ठेला भी बेतरतीब हो रहे खड़े**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 दिसम्बर, शहर में न तो वाहन पार्क के लिए कोई पर्याप्त जगह मिल रही है. न सड़कों से आवारा मवेशी हट रहे हैं. शहर के हर चौराहे पर सब्जी बाजार सजा हुआ है. दिन में कई बार बाजार में जाम लग रहा है. इन तमाम मुद्दों को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होती रहती है. इन्हीं मुद्दों को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई और समाधान के नाम पर चर्चा हुई निर्देशों का दौर चला.**

आला अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दे दिए.सबसे पहले स्कूली आटो पर चर्चा शुरू हुई जिस पर सामने आया कि न तो पुलिस के पास शहर में दौड रहे आटो का पूरा डाटा है और न ही जिला परिवहन विभाग के पास पूरी जानकारी है. इतना पता है कि 1 हजार आटो सड़कों पर दौड़ रहे हैं. कितने स्कूली बच्चे आटो से स्कूल जा रहे हैं. इसकी जानकारी स्कूल संचालक पुलिस को नहीं दे रहे हैं. स्कूल संचालकों को डर है कि वह जानकारी देगें तो कोई हादसा होने के बाद पुलिस की कार्यवाही की जद में आ सकते हैं. अब प्रशासन ने डाटा तैयार करने के हवाला देकर जानकारी जुटाने की कवायद शुरू कर दी है. वहीं आटो में क्षमता से ज्यादा बच्चे बिठाने पर कहा गया कि 6 से ज्यादा बच्चे न बैठे. पहले समझाइस दी जाएगी उसके बाद चालानी कार्यवाही की जाएगी.

## गौशाला में नहीं है जगह, कहां से रखें मवेशी

दूसरी मुद्दा आवारा मवेशियों का सामने आया. जिसमें कहा गया कि सड़कों पर आवार मवेशियों की बजह से परेशानी हो रही है इनको गौ शाला में भेजा जाए तो सामने आया कि कई जगह पर गौ शाला में क्षमता से ज्यादा मवेशी पहले से ही हैं उनमें और मवेशी नहीं रखे जा सकते हैं.वहीं यह भी सामने आया कि कई गौ शालाओं का निर्माण आधा अधूरा हुआ है. जिनको पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. वहीं एडीएम ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि वह अपने क्षेत्र के सीएमओ को निर्देश दे कि आवास मवेशी सड़कों पर नजर न आएं.

## जहां पार्किंग के इंतजाम वहां वाहन खड़े नहीं होते

बैठक के दौरान बताया गया कि शहर में वाहन पार्किंग के इंतजाम नहीं हैं जिस पर नपा के प्रनिनिधि ने बताया कि सावरकर बाल विहार और पुराने नपा भवन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है. लेकिन दोनों की जगहों पर लोग वाहन पार्क करने नहीं जाते हैं. इसी तरह सब्जी बाजार को मुद्दा सामने आया. माधवगंज पर कांच मंदिर के सामने लगने वाले सब्जी बाजार और जय प्रकाश मंच की जगह पर लगने वाले सब्जी बाजार को बाल विहार के पीछे शिफ्ट कर दिया गया था. जिसमें कई दुकानें माधवगंज पर फिर से लगने लगी हैं. उनकों हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए गए. इसी प्रकार हाई-वे मार्गो के टोलो पर एम्बुलेंस के माध्यम से एक साल में दी गई सेवाओं और समयावधि की जानकारी के साथ-साथ एनएचएआई का टोल फ्री नम्बर 1033 और एमपीआरडीसी का ट्रोल फ्री नम्बर 1099 के व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए है.एसपी ने मोडिफाईड साईलेंसर वाहनो की सघन जांच पड़ताल कार्य जनवरी माह के वित्तीय सप्ताह में करने के निर्देश दिए है. बैठक में ओवर लोड़िग भूसा वाहनो पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित क्षेत्रों के एसडीएमो को दिए गए है. बैठक में समिति के सदस्य सचिव व लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री सोमेश श्रीवास्तव, जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा, यातायात प्रभारी आशीष राय,एनएचएआई, एमपीआरडीसी , शिक्षा विभाग, नगरपालिका के प्रतिनिधि मौजूद रहे.

## विज्ञान प्रदर्शनी में हनौता बांध परियोजना मॉडल का चयन

नवभारत न्यूज

**पठारी,** शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठारी संकुल केंद्र में विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया था.जिसमें संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में कई नई -नई प्रदर्शनी देखने को मिली.प्रदर्शनी में अभ्युदय मध्य प्रदेश थीम पर बना हनौता बांध परियोजना का मॉडल सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा. शासकीय माध्यमिक विद्यालय धामोनीपुरा के शिक्षक राघवेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कक्षा 7 के छात्र साहिल लोधी, कृष्णा विश्वकर्मा एवं कक्षा 6 के छात्र अनिल अहिरवार द्वारा बनाए गए थी इस माडल में नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का नवीन तकनीक के साथ प्रयोग कैसे करें, इसका प्रदर्शन किया गया.प्रदर्शनी में मॉडल का चयन विकासखण्ड स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है.

## वन कर्मियों ने वितरित किए स्वेटर

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़,** जन शिक्षा केंद्र हैदरगढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला अमरपुर में सभी छात्र छात्राओं को वन रक्षक बीट गुन्नोठा दीवान सिंह किरार एवं वन रक्षक बीट हैदरगढ़ देवकी नंदन रैकवार द्वारा सभी छात्र छात्राओं को स्वेटर एवं टोपा वितरित किए. इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक मनोज सेन गुलाब सिंह चिड़ार सह समन्वयक जन शिक्षा केंद्र हैदरगढ़ विमल कुमार यादव उपस्थित रहे.



# 2 करोड़ 31 लाख की लागत से हो रहे डामरीकरण का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,विदिशा नगर में कायाकल्प योजना अंतर्गत लगभग 2 करोड़ 31 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे डामरीकरण कार्यों का नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा द्वारा स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया.**



निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री एवं कार्य की प्रगति की जानकारी ली.नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए कि डामरीकरण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके.उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए नगरपालिका निरंतर कार्य कर रही है.निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी संवाद किया गया, जिन्होंने सड़क निर्माण कार्य को लेकर संतोष व्यक्त किया.नगरपालिका द्वारा नगर की सड़कों के सुधार हेतु आगे भी इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे.

# पेट्रोल लेकर कलेक्टोरेट पहुंची महिला, आत्मदाह की दी चेतावनी

**तहसीलदार ने दी समझाइश , एसडीएम ने दिए जांच के आदेश**

**फायनेंस कंपनी पर लगाए गुमराह करने के आरोप**



नवभारत न्यूज

**विदिशा 30 दिसम्बर,** मंगलवार को कृष्णाधाम कालोनी निवासी गीता अहिरवार पत्नी मचल सिंह अपने परिवार के साथ कलेक्टोरेट पहुंची जिसके पास बाटल में पेट्राल भरा हुआ था. महिला का आरोप है कि सितारा फायनेंस कंपनी से मकान बनाने के लिए लोन लिया था. लोन के समय फायनेंस कंपनी के अधिकारियों ने कहा था कि 2 लाख की सब्सिडी मिलेगी लेकिन कंपनी पूरा पैसा ब्याज समेत मांग रही है और जमीन के कागजात वापस नहीं कर रही है. जमीन की रजिस्ट्री न मिलने से परेशान महिला अपने परिवार समेत आत्मदाह की चेतावनी देते हुए खुद के ऊपर पेट्रोल का छिड़कने का प्रयास करने लगी. जिससे कलेक्टोरेट परिसर में अफरा तफरी का माहौल बन गया. जानकारी लगने पर कई कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर महिला से पेट्रोल भरी बाटल का छीना और पूरी जानकारी तहसीलदार प्रीति पंथी को दी. तहसीलदार ने महिला और उसके परिजनों का समझाइस दी और पूरे मामले की जानकारी एसडीएम क्षितिज शर्मा को दी. जिन्होंने संबंधित फायनेंस कंपनी के मैनेजर को पूरे दस्तावेजों के साथ तलब किया है.शिकायतकर्ता महिला गीता अहिरवार का आरोप है कि सितारा कंपनी ने जितनी सब्सिडी देने की बात कही थी वह उनती सब्सिडी भुगते. हमने जितना लोन लिया था वह लोन हम भरने तैयार हैं. महिला ने आरोप लगाया कि बैंक के एक कर्मचारी ने कहा था कि दो लाख रुपए हमे दे दो लोन खत्म हो जाएगा और जमीन के कागजात भी वापिस मिल जाएगें लेकिन फायनेंस कंपनी के कर्मचारी ने 1 लाख 20 हजार रुपए ले लिए और बाकी 80 हजार रुपए कंपनी में जमा करने पहुंचे तो बताया कि पूरे 2 लाख रुपए जमा होंगे.महिला ने कहा कि सब्सिडी का लालच देकर लोगों को ठगा जा रहा है आज मैं और मेरा परिवार आत्मदाह के लिए मजबूर है आने वाले दिनों में और लोगों को भी यह कदम उठाना पड़ सकता है. इसलिए ऐसी फायनेंस कंपनियों पर कार्यवाही की जाए जो लोगों को गुमराह करती हैं. एसडीएम ने कहा है कि मामले की जानकारी लीड बैंक अधिकारी को दे दी गई है. जिस फायनेंस कंपनी ने लोन दिया था उसके मैनेजर को पूरे दस्तावेजों के साथ बुलाया गया है. उनके कागजातों की पूरी जांच की जाएगी उसके बाद नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी.

# पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर एफबी का प्रदर्शन, बैंककर्मियों ने खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**विदिशा , वित्त मंत्रालय द्वारा बैंक कर्मियों के तेरहवें द्विपक्षीय समझौते में स्वीकृत पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लागू करवाने के लिए स्नक्क(सभी बैंक यूनियनों का संयुक्त संगठन ने केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज कर दिया है. इसी क्रम में गुरुवार को देशभर के विभिन्न शहरों में प्रदर्शन और धरने आयोजित किए गए.प्रदर्शनकारियों ने कहा कि द्विपक्षीय समझौते में सहमति बनने के बावजूद पांच दिवसीय बैंकिंग को लागू नहीं किया जाना कर्मचारियों के साथ अन्याय है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा.आवश्यकता पड़ने पर बैंककर्मी एवं यूनियनें हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं.**

इस कड़ी में विदिशा में बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं के सामने यूएफबीयू के नेतृत्व में बैंककर्मियों ने सामूहिक रूप से प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में प्रतिनिधि मनोज सोनी, टीपू सुल्तान, नितेश राजपूत , दीपक शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा, श्रीमती निश्चला शर्मा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, लक्ष्मण गोस्वामी बैंक ऑफ इंडिया, खिलान मीणासंतोष दीवान , के.के. तिवारी श्री कम्प्यूटर सिंह , पल्लवी वर्मा एवं शिखा अथानकर बैंक ऑफ इंडिया सहित लगभग सौ बैंककर्मियों ने भाग लिया.




# उधारी पर चल रहा राशन-पानी

**एसएटीआई पॉलीटेक्निक कर्मचारियों को 3 माह से नहीं मिला वेतन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, एसएटीआई. पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों को पिछले करीब 3 माह से वेतन नहीं मिला है. वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों का परिवार अर्थिक तंगी से जूझ रहा है. एसएटीआई कर्मियों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उधार के राशन पानी पर घर चल रहा है.कई कर्मचारी परिजनों की बीमारी और बच्चों की फीस सहित अन्य घरेलू खर्चों से परेशान हैं.**

कर्मचारियों ने बताया कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर भी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा था। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2022 में दिए गए पत्र के बावजूद आज तक मांगों का निराकरण नहीं हुआ है. कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता बढ़ाने, समय पर वेतन भुगतान, क्रमोन्नति, पदोन्नति, सातवां वेतनमान लागू करने तथा सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष करने की मांग की इई थी. जिसका निराकरण आज तक नहीं हो सका है उन्होंने दोहरी नीति अपनाने और वित्तीय संकट का हवाला देकर कर्मचारियों के साथ भेदभाव का आरोप लगाया है.इस संबंध में एसएटीआई पॉलिटेक्निक के प्राचार्य नवीन गोयल ने बताया कि शासन द्वारा ग्रांट नहीं मिलने से समस्या आ रही है. संस्था छात्रों की फीस से कर्मचारियों को कुछ वेतन दे पा रहे हैं.ग्रांट आते ही समस्या हल हो जाएगी.

## कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

नवभारत न्यूज

**पठारी,** नगर में कानून व्यवस्था एवं नव वर्ष के मद्देनजर रखते हुए पठारी पुलिस ने आज शाम को पैदल मार्च निकाला थाना प्रभारी गौरव रघुवंशी ने बताया कि नव वर्ष के मद्देनजर कानून व्यवस्था को देखते हुए पठारी पुलिस ने आज पठारी के प्रमुख मार्गो से होते हुए पैदल मार्च मैं दुकानदारों को दुकानों के सामने रखी गाड़ियों को पार्किंग व्यवस्था के लिए समझाएं दी गई.पैदल मार्च थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर करेली धाम तालाब रोड,मुख्य बाजार,बस स्टैंड,फार्म चौराहा,खुरई रोड होते हुए पुन: थाना प्रांगण पहुंचा.

**शिविर** | **नगरपालिका द्वारा जनसमस्या निवारण शिविरों का किया गया आयोजन**

# मौके पर ही हुआ समस्याओं का निराकरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया. शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को सुना गया तथा अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, वहीं शेष मामलों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया.**



शिविर के दौरान विदिशा विधायक मुकेश टंडन एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा उपस्थित रहे.उन्होंने शिविर स्थल का निरीक्षण किया, नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए.विधायक मुकेश टंडन ने शिविर में उनके स्वस्थ्य की जांच कराई और कहा कि ऐसे शिविरों से आमजन को सीधे लाभ मिलता है और प्रशासन व जनता के बीच संवाद मजबूत होता है.वहीं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि नगरपालिका नागरिक सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्ध है और समस्याओं का समयबद्ध निराकरण प्राथमिकता है.वहीं विदिशा विधायक मुकेश टंडन का धन्यवाद देते हुए कहा कि विधायक निधि से भी नगरपालिका में विकास कार्य कराए जा रहे हैं चौराहे का चौड़ीकरण, बैतवा के पुलों पर लाईटिंग सहित अन्य सडकों के निर्माण का कार्य विधायक निधि से कराए जा रहे हैं.शिविर में पानी, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, कर निर्धारण सहित अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. शिविर के सफल आयोजन से नागरिकों में संतोष का वातावरण रहा.जनसमस्या शिविर में विभिन्न शिकायतों के आवेदन रामलीला चौराह , पेढ़ी चौराह, और रायपुरा में लगे शिविरों में 450 आवेदन आये जिनका निराकरण नगरपालिका द्वारा किया गया.शिविर में उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, वरिष्ठ नेता के के गुप्ता, पार्षद संतोष पेंटर, राजेश नेमा, पूर्व पार्षद गिरीश यादव सहित मनोज पंजवानी सहित नपा अध्यक्ष इंजिनियर रमेश वर्मा सहित सभी नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे.

# नेशनल मैथमेटिक्स डे के उपलक्ष्य में हुई भाषण प्रतियोगिता

- विशेष व्याख्यान का भी हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में नेशनल मैथमेटिक्स डे के अवसर पर अप्लाइड साइंस विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के डीन अकादमिक डॉक्टर आलोक जैन , अप्लाइड साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर मनोज दातार डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉक्टर जितेंद्र पाराशर, इलेक्ट्रॉनिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अष्टोष दातार , सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉक्टर के के पंजाबी, अप्लाइड फिजिक्स के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर सचिन महाजन उपस्थित रहे.प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शैलेश जालोरी ने प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी तथा सभी अतिथियों का स्वागत किया. वहीं डॉक्टर के के पंजाबी द्वारा इस अवसर पर बच्चों को ग्लिंपसेस ऑफ मैथमेटिक्स डे पर अपना उद्बोधन दिया.बच्चों द्वारा मैथमेटिक्स डे पर भाषण दिए गए। इसके उपरांत सभी छात्रों को पारितोषिक का वितरण किया गया. नेशनल मैथमेटिक्स डे प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर द्वारा संचालक महोदय को प्रोग्राम के आयोजन हेतु सहमति पर आभार प्रकट किया गया और साथ ही प्रोग्राम केआयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान हेतु मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के महानिदेशक श्री अनिल कोठारी जी का भी आभार व्यक्त किया गया. इस अवसर पर प्रोफेसर राजीव जैन, प्रोफेसर सएस एस गोलिया, डॉक्टर पूनम लता सागर , डॉ राजेंद्र पाठक एवं डॉ अनिल दुबे इत्यादि प्राध्यापक तथा बी टेक के छात्र-छात्राओं ने उपस्थित रहकर प्रोग्राम की शोभा बढ़ाई.अंत में विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर पूनम लता प्रभाकर ने वोट आफ थैंक्स प्रदान किया.